संख्या-10 / **5234 / 12-3-2013-100(49) / 2013**

प्रेषक,

जावेद उस्मानी
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- संबंधित मण्डलायुक्त
उत्तर प्रदेश।
2. संबंधित जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।
3. कृषि निदेशक**,**
उत्तर प्रदेश, **लखनऊ।**

कृषि अनुभाग**-3** लखनऊ**:** दिनांक **10** दिसम्बर **2013**

विषय**:** कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत **'Nutri Farm'** परियोजना का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 **प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुए उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।**

2- **प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं**0-1533/52-3-13-**सा**(30)/13 **दिनांक** 24.08.2013 **निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में कृषि विभाग की** आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत **Nutri Farm 2013-14' परियोजना भी सम्मिलित है। यह योजना लाभार्थीपरक है।**

3- **शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक** 31.07.2013 **तक की भौतिक प्रगति को वार्षिक लक्ष्य से घटाते हुये अवशेष लक्ष्य में से** 20 **प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुए जनपदवार फॉट निर्धारित कर दिया जाये।**

http://shasanadesh.up.nic.in

तद्नुसार योजनान्तर्गत किये गये लक्ष्य की जनपदवार फॉट संलग्नक-क पर है। इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

4- योजना में अल्पसंख्कों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

5- उपर्युक्त उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्ररूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्ररूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के सम्बंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बंधित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक निर्धारित प्ररूप संलग्नक-ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

6- योजना से सम्बंधित शासनादेश सं0-1533/52-2013-सा(30)/2013 दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चत किया जायेगा।

संलग्नक- यथोक्त

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

संख्या-**5234(1)/12-3-2013-**तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(इन्द्रदेव पटेल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-क

राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कृषि विभाग की उपयोजना के रूप में संचालित पायलेट योजना "न्यूट्रीफार्म" योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यकों को लाभ पहुंचाने हेतु **20** प्रतिशत लक्ष्यों का जनपदवार निर्धारण

1 यूनिट = 10 हेक्टेयर

क्र0सं0	जनपद	रबी **2013-14** में आयोजित होने वाले प्रदर्शन की कुल संख्या	रबी **2013-14** में आयोजित होने वाले प्रदर्शनों में अल्पसंख्यों के लिए मात्राकृत लक्ष्य **(संख्या)**
1	मुजफ्फर नगर	280	106
2	बागपत	280	70
3	बुलन्दशहर	0	0
4	अलीगढ़	0	0
5	हाथरस	5	1
6	मैनपुरी	30	2
7	शाहजहॉपुर	280	50
8	पीलीभीत	280	67
9	मुरादाबाद	190	87
10	अमरोहा	150	59
11	रामपुर	150	74
12	फर्रुखाबाद	139	21
13	इटावा	185	13
14	औरैया	200	14
15	कानपुर देहात	150	14
16	फतेहपुर	110	15
17	इलाहाबाद	101	13
18	कौशाम्बी	79	11
19	बॉदा	135	11
20	चित्रकूट	125	5
21	चन्दौली	170	17
22	गाजीपुर	87	9
23	संतरविदास नगर	145	17
24	आजमगढ़	280	42
25	कुशीनगर	230	39
26	सिद्धार्थनगर	253	73

http://shasanadesh.up.nic.in

27	संतकबीर नगर	280	67
28	उन्नाव	280	31
29	रायबरेली	280	34
30	हरदोई	225	29
31	फैजाबाद	280	42
32	बाराबंकी	234	51
योग		**5613**	**1084**

<u>टिप्पणी</u> -

1- योजनान्तर्गत जनपदों का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है।

2- योजनान्तर्गत अल्पसंख्यकों को उनकी भूमि की उपलब्धता के आधार पर जनपद में आबादी प्रतिशत को देखते हुए किया गया है।

3- अल्पसंख्यक संवर्ग को आवंटित यूनिट के अनुसार यदि अल्पसंख्यक संवर्ग के यूनिट का बनाना सम्भव न हो तो आवश्यकतानुसार बचे हुए आच्छादन को अन्य संवर्ग के कास्तकारों के साथ पूर्ण कर लिया जायेगा, अर्थात यदि किसी ग्राम विशेष में 1यूनिट (=10 हेक्टेयर) के अनुसार अल्पसंख्यक संवर्ग के कास्तकार नहीं मिलते तो यह यूनिट बचे हुए आच्छादन को किसी दूसरे संवर्ग के कास्तकारों से पूर्ण करते हुए यूनिट (10 हेक्टेयर) का गठन कर लिया जायेगा। परन्तु जनपद विशेष पर उनके प्रतिशत के आधार पर जनपद को आवंटित यूनिटों में अल्पसंख्यक संवर्ग के कास्तकारों की संख्या का ध्यान भूमिधर के आधार पर रखा जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक-ख

विभाग का नाम :

जनपद का नाम : माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारुप						
क्र.सं.	योजना का नाम	अल्पसंख्यको हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरुद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरुद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	***2***	***3***	***4***	***5***	***6***	***7***
योग						

http://shasanadesh.up.nic.in

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक-ग

विभाग का नाम :

योजना का नाम : माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारुप						
क्र.सं.	जनपद का नाम	अल्पसंख्यको हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरुद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरुद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	***2***	***3***	***4***	***5***	***6***	***7***
योग						

http://shasanadesh.up.nic.in